# निर्धन पुकारे देव ढूनू कर जोरवा . . .

## लोक आस्था का महापर्व, अस्ताचलगामी भास्कर को व्रतियों ने दिया अर्घ्य, उगते सूर्य को आज देंगे अर्घ्य

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अक्टूबर। उगऽ हे सूरज देव भेल भिनसरवा अरघ केरे बेरवा पूजन केरे बेरवा हो, बड़की पुकारे देव ढूनू कर जोरवा अरघ केरे बेरवा पूजन केरे बेरवा हो, बाझिंन पुकारे देव ढूनू कर जोरवा अरघ केरे बेरवा पूजन केरे बेरवा हो, अन्हरा पुकारे देव ढूनू कर जोरवा अरघ केरे बेरवा पूजन केरे बेरवा हो, निर्धन पुकारे देव ढूनू कर जोरवा अरघ केरे बेरवा पूजन केरे बेरवा हो...।**

पारंपरिक छठ मईया गीतों से आज दिन सोमवार की दोपहर के बाद से ही ऊर्जाधानी के छठघाट गूंज उठे। लोक आस्था के महापर्व चार दिनी सूर्यषष्ठी अनुष्ठान का अहम पड़ाव आज दिन सोमवार को था। बीते दिन से ही बिना अन्न-जल के व्रत रखने वाली श्रद्धालु महिलाओं ने शाम को घाटों व तालाबों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया। इस दौरान कई पुरुष श्रद्धालुओं ने भी निर्जला व्रत रखा था। व्रती महिलाओं ने पहला अर्घ्य अपने पति या पुत्र से लिया। नदी-तालाब में दीया प्रवाहित कर भगवान सूर्यदेव व छठी मइया को प्रणाम निवेदित किया। सड़कों से लेकर घाटों तक छठ के पारम्परिक

गीतों से क्षेत्र गुलजार रहा। बादलों और हल्की बारिश के बीच दोपहर बाद से ही श्रद्धालुओं के घाटों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। तमाम श्रद्धालु नंगे पाव ही माथे पर दउरा लेकर चल रहे थे। घाट पर जाने के लिए छोटे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। माथे पर दउरा लिए पुरूष सदस्य के साथ महिलाएं पारम्परिक गीत गाते हुए घाट पर पहुंचीं। वहां पहले से तैयार वेदी पर विधि-विधान से पूजन किया और फिर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। दीपदान कर भगवान भास्कर से अपने व परिजनों के कुशलता की कामना की। वार्ड क्रमांक 41 गनियारी, बैढ़न तालाब, विंध्यनगर एनटीपीसी परिसर, जयंत, निगाही, नवानगर, अमलोरी, नौगढ़, मोरवा में मेढ़ौली छठ घाट, रेलवे स्टेशन के समीप बने घाट, झिगुरदा घाट, एनसीएल कॉलोनी स्थित घाट पर भी स्थानीय लोगों ने छठ पर्व पर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर अपने पुत्र की दीर्घायु और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। दोपहर बाद व्रती महिलाएं अपने परिवार संग घाटों पर प्रस्थान करने लगीं थीं, परिजन सिर पर सूप व हाथों में गन्ना लिए व्रती महिलाओं संग घाटों पर पहुंच रहे थे। घाट पर पहुँचकर उनके द्वारा बनाए गए वेदी पर सूप रख कर छठ माता का ध्यान लगाया गया। सूर्य अस्त होने से पूर्व व्रती महिलाओं ने तालाब में स्नान कर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और फिर अपने वेदी स्थल पहुँच कर अपने-अपने सूप पर घी के दीपक जलाकर छठ मईया का ध्यान लगा अपनी मन्नतें मांगी। इसी क्रम में आज तीसरे दिन सोमवार की शाम महिलाओं ने छठ घाट पहुंचकर डूबते हुए सूरज को पहला अर्घ्य दिया एवं कल दिन मंगलवार की सुबह उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर व्रती महिलायें अपना व्रत समाप्त करेंगी। इस पवित्र पर्व को देखने के लिए स्थानीय लोगों का काफी हुजूम छट घाटों पर उमड़ा दिखा। इधर ग्राम कुशमहरा के शीतला घाट गीता निवास पर छठ पूजा संपन्न हुआ। उधर विंध्यनगर, कोतवाली बैढ़न, नवानगर, मोरवा पुलिस बल, ननि अमला घाटों पर लोगों को समझाइस देने में जुटी रही। वहीं वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद पति आशीष गुप्ता, गनियारी के वार्ड पार्षद गौरी अर्जुन गुप्ता, बबलू शाह, समाजसेवी अमित तिवारी सहित अन्य श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे दिखे।

### सांसद-विधायक ने सुख-समृद्धि के लिए की कामना

छठ महापर्व के अवसर पर सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक रामनिवास शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, बीजेपी जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह, जिला महामंत्री विक्रम सिंह चंदेल समेत अन्य नेताओं ने एनटीपीसी विंध्यनगर पहुंच छठ घाट पर श्रद्धालुओं से मुलाकात कर छठ पूजा की मंगल कामनाएं करते हुये छठ मईया से सभी के सुख-समृद्धि और मंगल कामनाएं की है।

### विधायक की पत्नी ने भी शुरू किया डाला छठ का व्रत

सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह की पत्नी सीता शाह ने भी पहली बार सूर्य उपासना षष्ठी व्रत का शुरूआत की। आज अस्ताचलगामी भास्कर कोको विधायक एवं उनकी पत्नी तथा अन्य परिवार के सदस्य पवन शाह, संतोष शाह, चिकित्सक डॉ. सरिता शाह एवं उनके माता-पिता ने अर्घ्य दिया। यह अर्घ्य शगुन गार्डन परिसर कचनी में बनाये गये स्वीविंग पूल में दिया है। जहां गाजे-बाजा एवं उत्साह के साथ सूर्य डूबते सूर्य देवता को अर्घ्य देकर कामना किया।

# आरईएस में डीएमएफ के 28 निर्माण कार्य लटके

## एक से पांच वर्ष के दौरान मंजूर हुए थे कई निर्माण कार्य

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अक्टूबर। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से डीएमएफ से पिछले वर्ष तक मंजूर करीब डेढ़ दर्जन से अधिक विभिन्न कार्य निर्माणाधीन है। जबकि कार्य पूर्ण करने के लिए एक समयसीमा निर्धारित रहती है। इसके बावजूद क्रियान्वयन एजेंसी डीएमएफ से मंजूर कार्यो को पूर्ण कराने के प्रति दिलचस्पी नही दिखा रहा है। हालांकि यह आकड़ा 2021 से सितम्बर 2024 का है। करीब 4 निर्माणाधीन कार्य इसी साल के हैं।**

गौरतलब है कि आरईएस विभाग में भरेंशाही का आलम है। जिसका जीता जागता उदाहरण डीएमएफ से मंजूर विभिन्न निर्माण कार्यो का है। वर्ष 2021 से लेकर इस वर्ष 2025 तक करीब 32 की संख्या में कई निर्माण कार्य निर्माणाधीन है। हालांकि मौजूदा साल में निर्माणाधीन कार्यो की संख्या महज चार है। लेकिन 2021 से 2024 के बीच 28 ऐसे निर्माण कार्य हैं। जिन्हें आज तक पूर्ण नही कराया जा सका है। सभी कार्य

प्रगति पर बता कर आरईएस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अपनी जवाबदेही से पल्ला झाड़ते आ रहे हैं। यदि सूत्रों की बात माने तो डीएमएफ से सबसे ज्यादा कार्य 2024-2025 में मंजूर हुआ था। जहां पूर्व में पदस्थ चर्चित कार्यपालन यंत्री के कार्यकाल में सबसे ज्यादा कार्य लटके हुये हैं। हालांकि इसके पहले भी कई कार्य निर्माधीन रहे। इन मंजूर कार्यो को पूर्ण कराने में आरईएस का अमला दिलचस्पी क्यों नही ले रहा है। यह समझ से परे है और यदि उक्त कार्य पूर्ण करा दिये गये हैं तो पूर्णतया प्रमाण पत्र क्यों नही दिया गया। फिलहाल नये कलेक्टर से लोगों की उम्मीदे बढ़ गई हैं। ऐसे लापरवाह विभाग के अमले पर कलेक्टर चाबुक जरूर चलाएंगे।

### डीएमएफ से मंजूर निर्माणाधीन कार्यों के आंकड़े

वर्ष 2021 से अब तक डीएमएफ से मंजूर क्रियान्वयन एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सिंगरौली के करीब 32 निर्माण कार्य पूर्ण नही हो पाऐ हैं। निर्माणाधीन कार्यो का लेखाजोखा इस प्रकार है :- ग्राम सरई स्थित तालाब के सतही जल प्रदूषण निवारण के कार्य, ग्राम बरगवां स्थित तालाब के सतही जल प्रदूषण निवारण के कार्य, सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बरका एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कन्या छात्रावास गोड़बहरा, बगैया एवं पड़ी का जीर्णोद्धार एवं अन्य मूल कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण, पापल (निवास), ग्राम पंचायत पापल विकासखण्ड देवसर, कृषि विज्ञान केन्द्र के पास देवरा में चेक डेम निर्माण कार्य, नाली निर्माण खुटार बाजार में, विकासखण्ड बैढ़न, नाली निर्माण माड़ा मकरोहर रोड़ , विकासखण्ड बैढ़न, नाली निर्माण खुटार रजमिलान मुख्य मार्ग रजमिलान बाजार में, विकासखण्ड बैढ़न, 89 आंगनवाड़ी केन्द्र भवन का उन्नयन कार्य, नाली निर्माण रजमिलान अमिलिया मार्ग, नाली निर्माण परसौना बरगवां मुख्य मार्ग विकासखण्ड बैढ़न शामिल है।

## एक नजर में

### एसडीओ संतोष पाण्डेय को मिला ईई का प्रभार

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के एसडीओ संतोष पाण्डेय को ईई का प्रभार मिला है। इधर बता दें कि एक वर्ष से नगर निगम के कार्यपालन यंत्री का प्रभार बैशाखी के सहारे चल रहा था। तत्कालीन कलेक्टर पीआईयू के प्रदीप चडार को ईई का प्रभार दिया गया था। नगरीय प्रशासन भोपाल के द्वारा एसडीओ संतोष पाण्डेय को ननि ईई का प्रभार दिया गया है।

### पदोन्नत हुए एसआई को कलेक्टर ने लगाया सितारा

**सिंगरौली।** वाणिज्यकर विभाग में कार्यरत आबकारी उप निरीक्षक संतोष कुमार यादव के पदोन्नति प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी के रूप में होने पर कलेक्टर गौरव बैनल एवं आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप के द्वारा स्टार लगाकर पदोन्नति हुए उप निरीक्षक श्री यादव को बधाई दी।

### खाद एवं बीज विक्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश के परिपालन में जिले में खाद एवं बीज उपलब्धता के दृष्टिगत जिला स्तरीय गठित दल द्वारा खाद एवं बीज विक्रय केन्द्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही खाद एवं बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद एवं बीज के नमूने लिए जाकर प्रयोगशाला भेजे जा रहे है।

# सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ सतर्कता जागरुकता सप्ताह का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**रिहंदनगर, 27 अक्टूबर। केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार एनटीपीसी रिहंद परियोजना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ सत्यनिष्ठा शपथ के साथ हुआ।**

सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा अनिल श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख रिहंद द्वारा प्रशासनिक भवन में दिलाई गई । प्रतिज्ञा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुख, यूनियन एवं असोसियेशन के पदाधिकारी तथा कर्मचारी शामिल थे । प्रशासनिक भवन में कर्मचारियों

और आगंतुकों में सत्यनिष्ठा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सेल्फी स्टैंड तथा सत्यनिष्ठा दीवार बनाई गई है। जहाँ एनटीपीसी कर्मचारी, संविदा कर्मचारी और प्रशासनिक भवन में आने वाले लोग सत्यनिष्ठा और सतर्कता पर अपने विचार लिख सकते हैं। इस अवसर पर सतर्कता विभाग प्रमुख बीके यादव ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुपालन में एनटीपीसी रिहंद में आज दिन सोमवार 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया है।

# छठ महापर्व पर अस्ताचलगामी भास्कर को व्रतियों ने दिया अर्घ्य

**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी, 27 अक्टूबर। विकासखंड चितरंगी के ग्राम पंचायत खटाई में आस्था और श्रद्धा के महापर्व छठ पूजा का तीसरा दिन बड़े ही भव्यता और उल्लास के साथ मनाया गया।**

व्रतियों ने सोन नदी के छठ घाट पर परंपरागत विधि-विधान से अस्त होते सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। ग्राम पंचायत खटाई की सरपंच हीरामन देवी साहू के नेतृत्व में पूरे आयोजन की व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संपन्न हुईं। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ छठ घाट पर उमड़ पड़ी थी।

घाटों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में फल-फूल और प्रसाद से भरी टोकरी लेकर घाट की ओर रवाना हुईं। सूर्य अस्त के समय श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सूर्य भगवान की आराधना की और अपनी तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत खटाई की ओर से स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। वहीं प्रशासन एवं पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। पुलिस निरीक्षक कमलेश साहू स्वयं मौजूद रहे और घाट पर शांति एवं व्यवस्था बनाए रखी। इस अवसर पर उप सरपंच दिलीप गुप्ता समेत पंचायत प्रतिनिधि समाजसेवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। शाम को सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद भक्तों के बीच भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों ने भजन संध्या की मनमोहक प्रस्तुति दी।

# खाद्य अधिकारी राशन दुकानों का लगातार निरीक्षण करें : गौरव

## निर्धारित दिवस को हल्का पटवारी अपने क्षेत्र में रहने के निर्देश, सभी एसडीएम करें राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अक्टूबर। सभी उपखंड अधिकारी समय-समय पर अपने अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करें एवं हल्का पटवारी निर्धारित किए गए तिथियां को अपने हल्के में रहकर किसानों की समस्याओं का निराकरण करें, उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर गौरव बैनल ने दिया।**

कलेक्टर ने उपखंडवार न्यायालय में लंबित प्रकरणों की

समीक्षा उपरांत निर्देशित किया कि उपखंड अधिकारी समय-समय पर अपने अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करें तथा लंबित प्रकरणों का गंभीरता पूर्वक समय सीमा के अंदर निराकरण करें। साथ ही किसानों को न्यायालयों का चक्कर न लगाना पड़े, उनके समस्याओं का निराकरण करने के लिए पूर्व में निर्देश दिए गए थे कि हल्का पटवारी अनिवार्य रूप से दो दिवस अपने हल्का में चौपाल लगाकर किसानों की समस्याओं का निराकरण करें। कलेक्टर ने राजस्व अमले के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनिवार्य रूप अपने हल्कों में उपस्थित रहकर समस्याओं का निराकरण करें। बैठक में जिपं सीईओ जगदीश गोमे, संयुक्त कलेक्टर संजीव पांडेय, प्रशांत त्रिपाठी, एसडीएम सुरेश जादव, देवसर अखिलेश सिंह, माड़ा नंदन तिवारी, एसडीएम चितरंगी सौरभ मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर माईकल तिर्की सहित अन्य मौजूद रहे ।

# सतर्कता केवल एक नीतिगत विषय नहीं है : संदीप

**नवभारत न्यूज**

**शक्तिनगर 27 अक्टूबर। एनटीपीसी सिंगरौली में आज दिन सोमवार से सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस वर्ष का विषय सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में दीप प्रज्वलन कर किया गया।**

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने सतर्कता की शपथ ली और भ्रष्टाचार-मुक्त, ईमानदार तथा पारदर्शी कार्य संस्कृति के संकल्प को दोहराया। सप्ताह के दौरान एनटीपीसी सिंगरौली एवं प्लांट परिसर के विद्यालयों में सतर्कता एवं ईमानदारी के महत्व पर विविध प्रतियोगिताओं एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें नारा लेखन, निबंध लेखन, चित्रकला, लघुकथा लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्विज, सतर्कता कार्यशालाएँ तथा सतर्कता रैली वॉकथॉन प्रमुख हैं। संदीप नायक कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख ने इस अवसर पर कहा सतर्कता केवल एक नीतिगत विषय नहीं, बल्कि हमारे कार्य-संस्कृति की आत्मा है।

# कथा के दूसरे दिन कलयुग में नाम की महिमा का हुआ वर्णन

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अक्टूबर। जिला मुख्यालय बैढ़न के सामुदायिक भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित प्रभु दयाल शास्त्री ने कलयुग के महिमा का वर्णन करते हुये श्रोतागणों को विस्तार से बताया।**

इस दौरान श्रीधाम वृन्दावन से आये कथा व्यास श्रद्धेय पंडित प्रभु दयाल शास्त्री जी महाराज सामुदायिक भवन बैढ़न में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में श्री श्रीमद् भागवत जी के माहात्म्य का वर्णन करते हुए श्री नारद जी के द्वारा

सत्संग की महिमा बताया गया, महाभारत प्रसंग का अद्भुत वर्णन करते हुए कलयुग में नाम की महिमा का वर्णन हुआ। कलयुग में दान, जप, तप आदि से ज्यादा महिमा हरि नाम संकीर्तन की है। राजा परीक्षित और श्री शुकदेव जी की झांकी का सुंदर दर्शन कर भक्त आनंदित हुए । यह कथा 1 नवंबर तक चलेगी। भक्त गण ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर जीवन को धन्य बनाएं।

# हंगामा की खबर सुन खाद्यान्न वितरण कराने पहुंचे तहसीलदार

## तहसीलदार ने विक्रेता को लगाई फटकार, ग्रामीणों का आक्रोश हुआ शांत

**नवभारत न्यूज**

**सरई 27 अक्टूबर। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन में जिलेभर में खाद्यान्न वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं।**

तहसील सरई अंतर्गत ग्राम छमरछ में उचित मूल्य दुकान पर खाद्यान्न वितरण को लेकर उत्पन्न असंतोष की जानकारी प्राप्त होते ही प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की। तहसीलदार सरई चन्द्रशेखर मिश्रा स्वयं मौके पर

पहुंचे और उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने पीएसओ मशीन एवं स्टॉक रजिस्टर की जांच की तथा ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना। ग्रामीणों द्वारा यह आरोप लगाया गया कि अगस्त माह का राशन अब तक नहीं मिला तथा विक्रेता द्वारा व्यवहार में अभद्रता की जा रही है। इस पर तहसीलदार ने विक्रेता रवि जायसवाल को कड़ी चेतावनी दी और निर्देशित किया कि भविष्य में जनता के साथ सौम्य व्यवहार रखते हुए समय पर एवं पारदर्शी तरीके से खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित किया जाए। तत्काल प्रभाव से दुकान का ताला खुलवाकर वितरण कार्य आरंभ कराया गया। तहसीलदार ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि महिलाओं एवं वृद्धजनों को प्राथमिकता के आधार पर राशन वितरण किया जाए।